



**श्री जागेश्वर नाथ बांदकपुर भोलेनाथजी के पट खुले**

महाशिवरात्रि पर्व पर श्री जागेश्वर नाथ बांदकपुर भोलेनाथ जी के पट खुले. भोलेनाथ जी की कृपा से सांसद दमोह राहुल सिंह ने शानदार मंदिर में फूलों की सजावट की.

# श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में लाखों भक्तों ने किए दर्शन

**नवभारत,न्यूज दमोह, 15 फरवरी. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर भोले बाबा सहित और भी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है. पट खुलते ही बम बम भोले की गूंज से मंदिर और आसपास गूंज उठा. भगवान के जयकारे के जमकर जय कांवरिया द्वारा लग रहे हैं. दूर-दूर से आए कांवरिया को पर्याप्त व्यवस्था के लिए इंतजाम किएगए हैं. यहां पर जो आज फूलों की गुत्थी से सजाया गया, मंदिर अति सुंदर लग रहा है.**

यह व्यवस्था भोले बाबा की कृपा से दमोह सांसद राहुल सिंह के द्वारा की गई.उन्होंने भी सुबह पहुंचकर भोले बाबा के दर्शन कर जल अभिषेक कर मंदिर का जायजा लिया. दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम आरएल बागरी, एडिशनल एसपी-2 प्रशांत सिंह सुमन, एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, तहसीलदार प्रीतम सिंह, रघुनंदन चतुर्वेदी,राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, शिवम् गोस्वामी, शुभम बर्दिया, पारस जैन, धनीराम टेकाम, प्रतीक पटेल, जयराम पटेल के अलावा और भी राजस्व विभाग मौजूद है. वहीं थाना प्रभारी दलबीरसिंह मार्को यातायात की कमान संभाले हुए हैं.साथ ही गर्भ गृह में मडियादो थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रीति पांडे, सब इंस्पेक्टर मिनी पाठक,विक्रम दांगी, केरवना चौकी प्रभारी एस एन यादव,निकासी गेट पर धर्मेंद्र गुर्जर, विश्राम गृह के अमित मिश्रा, कांवरिया गेट पर सब इंस्पेक्टर चंदन सिंह, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,चौकी प्रभारी आनंद कुमार,और भी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी पुलिस बल मौजूद.मंदिर ट्रस्ट के द्वारा सीसीटीवी कैमरे, 3 एलईडी, वॉलिंटियर के अलावा और भी व्यवस्थाएं व्यवस्थित की गई हैं. जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी न जाए. मंदिर ट्रस्ट के बताएं अनुसार अभी तक लगभग 7.40 तक 40 से 1 लाख भक्तों ने दर्शन कर लिए हैं. शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन का सिलसिला जारी है.सीएमएचओ डॉ राकेश कुमार अठिया के निर्देशन में मेडिकल टीम में नितिन, उपाध्याय, प्रजापति भी यहां पर मौजूद है अगर किसी श्रद्धालु को कोई भी बीमारी दिक्कत जाती है तो मेडिकल टीम कमान संभाल रही है.

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मेहता, सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, पंडित रामकृपाल पाठक, सदस्य गण उपस्थित है. खास बात तो यह है कि मंदिर गर्भ ग्रह की साफ सफाई और भी मंदिर परिसर की साफ सफाई करने में विशेष कर्मचारी लगे हुए हैं. मंदिर के पंडित पुजारी गण अपनी-अपनी व्यवस्थाओं में कार्य कररहे हैं.

# टैक्स जमा न करने पर गैस गोदाम सील

**कछपुरा संभाग में बड़ी कार्रवाई**



**जबलपुर, 15 फरवरी. नगर निगम द्वारा बकाया कर वसूली के अभियान को तेज करते हुए कछपुरा संभाग में एक बड़ी कार्रवाई को नगर निगम द्वारा अंजाम दिया गया है. निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के पालन में, निगम की टीम ने लंबे समय से टैक्स न भरने वाले करदाताओं के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है.**

जानकारी के अनुसार संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के अंतर्गत मदन महल वार्ड क्रमांक 15 में बड़ी कार्रवाई की गई है. यहाँ स्थित बघेला कंपनी के गैस गोदाम पर संपत्ति कर की राशि बकाया थी. इस संबंध में संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि संपत्ति पिन नंबर 1000495595 दिलीप बघेल पर कुल 2, 59, 445 रुपये का टैक्स बकाया था. जिन्हें बार बार सूचना देने के बाद भी वे राशि जमा नहीं कर रहे थे. इसके बाद शनिवार को संभागीय टीम ने मौके पर पहुँचकर गोदाम को सील कर दिया.

**राजस्व संग्रहण पर निगम का फोकस**

निगमायुक्त ने निर्देशित किया है कि शहर के विकास कार्यों के लिए समय पर टैक्स का भुगतान अनिवार्य है. इसलिए सभी लोग वसूली कार्यों पर विशेष जोर दें. निगमायुक्त ने सभी करदाताओं और व्यवसायियों से अपील की है कि वे किसी भी अप्रिय कारवाई से बचने समस्त बकाया करों की राशि जमा कर निगम प्रशासन को कृपया सहयोग करें और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें.

## वॉटर प्लांट में नौकरी के पहले ही दिन युवक की मौत

**इंदौर.** पलासिया थाना क्षेत्र के विनोबा नगर स्थित एक वॉटर प्लांट में काम के दौरान एक युवक की अचानक मौत हो गई. युवक मूलरूप से महाराष्ट्र का रहने वाला था और महज एक दिन पहले ही उसने प्लांट में नौकरी शुरू की थी. डॉक्टरों ने शुरुआती तौर पर मौत का कारण साइलेंट हार्ट अटैक बताया है. मृतक का नाम साजिद पिता शेख जफर (25), निवासी अकोला महाराष्ट्र है. वह फिलहाल इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में किराए से रह रहा था. प्लांट संचालक अंकित ने बताया कि दो दिन पहले वॉटर सप्लाई के दौरान साजिद मजदूर चौक पर मिला था.

# शिकारियों के फंदे में फंसा तेंदुआ

**दहशत में ग्रामीण**

**सतना, 15 फरवरी. शिकारियों के शिकार के लिए खेत में लगाये गये फंदे में तेंदुआ के फंसने की सूचना पर सक्रिय वन अमले ने उसे पकड़ने में सफलता हासिल की है.**

बताया गया है कि तेंदुआ फंदे में फंस कर घायल हो गया था. उचेहरा परसमानिया पहाड़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोह से लगे पहाड़ के समीप खेतों में लगे फंदे में एक तेंदुआ के फंसने से हड़कंप मचा हुआ हुआ है. जिससे वह खूंखार हो गया है ,ग्रामीण दहशत में है, वन



विभाग का अमला खोजी कुत्ता के साथ तेंदुआ को पकड़ने व अपराधियों पर धड़ पकड़ के लिए दविश दे रही है, ग्रामीणों ने बताया है कि पास के जंगल में तेंदुआ, हिरण सहित कई जानवर मौजूद है.

## बच्चे की नींद उड़ाने वाला बुलेट सवार पकड़ाया

**इंदौर.** तेज आवाज में बाइक चलाकर कॉलोनी में दहशत फैलाने वाले बुलेट चालक के खिलाफ पुलिस ने चालानी कार्रवाई की है. पांच माह के बच्चे के पिता की शिकायत पर पुलिस ने 12 घंटे के भीतर आरोपी को पकड़कर 1000 रुपये का चालान किया. मामला राज नगर क्षेत्र का है. राज नगर निवासी एडवोकेट शुभम शर्मा ने 12 फरवरी को चंदन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि रोजाना रात करीब 11 से 1 बजे के बीच एक अज्ञात बुलेट चालक कॉलोनी से पटाखों जैसी कर्कश आवाज निकालते हुए तेज रफ्तार से गुजरता था. इससे उनका पांच माह का बच्चा घबरा जाता और कांपने लगता था.

# डॉग बाइट की घटनाओं पर करें नियंत्रण : कलेक्टर

**जबलपुर, 15 फरवरी. कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आज नगर निगम, विद्यालयों और राजस्व प्रकरणों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बैठकें आयोजित की. बैठक में अधिकारियों को स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पुस्तक मेला, नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य और राजस्व प्रकरणों के त्वरित निपटान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.**

कलेक्टर ने विद्यालय में यातायात प्रबंधन और पुस्तक मेले को लेकर बैठक में निर्देश दिए कि स्कूलों में 15 वर्ष से पुराने तथा एलपीजी वाहनों पर प्रतिबंध, स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर, हेलमेट अनिवार्यता और मुख्य द्वार पर सीसीटीवी व वालेंटियर की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए. नशा मुक्ति जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग और पुस्तक एवं यूनिफॉर्म की सहज उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों केनामांतरण, सीमांकन आदि पर चर्चा हुई.



**ननि क्षेत्र में स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश**

कलेक्टर ने कहा कि गंदे नालों के पानी से सब्जी उगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए. डॉग बाइट की घटनाओं पर नियंत्रण और तालाबों पर अतिक्रमण हटाने के साथ स्कूलों के पेयजल टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए. बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

# महू में किराए के घर में बनाई जा रही थी एमडी ड्रग्स

**महू, 15 फरवरी. बड़गोंदा थाना क्षेत्र के थवलाय गांव में एक किराए के मकान में अवैध एमडी ड्रग ( मेफेड्रोन ) बनाने की लैब का भंडाफोड़ हुआ है. शुरुआती जानकारी के अनुसार, मौके से लगभग 8 किलोग्राम एमडी ड्रग बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.50 करोड़ रुपए बताई जा रही है.**

यह कार्रवाई सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) की 20 सदस्यीय टीम ने की. पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंदसौर में पकड़े गए दो आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर टीम शनिवार सुबह थवलाय पहुंची. मकान को चारों ओर से घेरकर दबिश दी गई, जहां तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में केमिकल, लैब उपकरण और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई.



**काम करने का बहाना बनाकर किराए पर लिया कमरा**

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने औद्योगिक क्षेत्र में काम करने का बहाना बनाकर मकान किराए पर लिया था, ताकि उसकी गतिविधियों पर किसी का ध्यान न जाए. इस लैब में केमिकल का इस्तेमाल कर एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी, जिसे प्रदेश सहित अन्य राज्यों में सप्लाई करने की योजना थी.

**हर पहलू से मामले की जांच कर रही है टीम**

जांच एजेंसियां अब कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला, तैयार माल के वितरण नेटवर्क और आर्थिक लेन-देन की कड़ियों की जांच कर रही हैं. अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं. हालांकि, जांच एजेंसी सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स ने अभी तक मीडिया को इस मामले में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है. यह भी स्पष्ट नहीं है कि 8 किलोग्राम एमडी ड्रग थवलाय से जब्त हुई है या यह पिछली मंदसौर गिरफ्तारी से संबंधित है.



# परंपरागत शैली से हटकर अधिकारी दिखाएं अब स्मार्टनेस : निगमायुक्त

**जबलपुर, 15 फरवरी. नगर निगम के कार्यों में गति लाने और जनसेवा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की. बैठक में उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि शहर के विकास और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अधिकारियों को अब परंपरागत शैली से हटकर %स्मार्टनेस दिखानी होगी.**

इस दौरान निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सीएम इन्फ्रास्ट्रक्चर के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि, नागरिकों को जल्द से जल्द आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके. साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि सीएम हैल्पलाइन केवल शिकायतों के निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जनता की सेवा करने और विभाग की कार्यक्षमता साबित करने का एक उत्तम प्लेटफॉर्म है.

# एकलव्य छात्रावास के छात्रों का फूटा गुस्सा

**खाने में निकलीं इल्लियां** प्रिंसिपल को हटाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**गुना, 15 फरवरी. शहर के बाईपास स्थित एकलव्य छात्रावास में अव्यवस्थाओं के अंबार और भोजन की बेहद खराब गुणवत्ता को लेकर रविवार को छात्रों का धैर्य जवाब दे गया. सैकड़ों छात्रों ने छात्रावास प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पैदल रैली निकाली और कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जमकर हंगामा किया.**

प्रदर्शनकारी छात्रों ने छात्रावास के प्रिंसिपल अभिषेक पांडे पर तानाशाही और अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है. छात्रों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से पदस्थ प्रिंसिपल के कार्यकाल में छात्रावास की स्थिति




बद से बदतर हो गई है. छात्रों ने कलेक्टर को अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उन्हें जो भोजन परोसा जा रहा है, वह स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है. खाने की सामग्री इतनी घटिया है कि दाल और सब्जी में अक्सर इल्लियां निकलती हैं और मेन्यू का पालन कभी नहीं किया जाता. हद तो तब हो जाती है जब कोई छात्र इन बुनियादी सुविधाओं की मांग करता है, तो प्रिंसिपल उसे छात्रावास से बाहर निकालने की धमकी देते हैं. छात्रों ने हॉस्टल की जर्जर हालत का जिक्र करते हुए कहा कि शौचालयों के दरवाजे टूटे हुए हैं, जिसकी वजह से छात्र तौलिया लगाकर उनका उपयोग करने को मजबूर हैं.

छात्रों ने यह भी खुलासा किया कि जब भी कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है, तो प्रिंसिपल को इसकी सूचना पहले ही मिल जाती है और उस दिन दिखावे के लिए सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाती हैं. लेकिन निरीक्षण खत्म होते ही अगले दिन से स्थिति फिर वैसी ही हो जाती है. फिलहाल प्रशासन ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है, लेकिन छात्रों का कहना है कि जब तक प्रिंसिपल को हटाया नहीं जाता और शौचालय व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं ठीक नहीं होतीं, वे अपना विरोध जारी रखेंगे.

# गृह निर्माण मंडल को 19 करोड़ और भरना पड़ेंगे

**इंदौर, 15 फरवरी. स्थानीय पंजीयन विभाग ने मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल पर हुकुमचंद मिल की जमीन में स्टाम्प शुल्क चोरी के मामले में 19 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि जमा करने आदेश दिए है. उक्त 19 करोड़ की राशि 28 फरवरी तक जमा करने का समय दिया है. विशेष बात यह है कि हुकुमचंद मिल की जमीन का मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल ने 489.89 करोड़ का सौदा किया था और नगर निगम ने 218 करोड़ के रजिस्ट्री करवाई. इस तरह सरकार के एक विभाग ने दूसरे विभाग को स्टाम्प शुल्क काम चुकाकर नुकसान पहुंचाया.**

मामला इस प्रकार है कि हुकुमचंद मिल की देनदारियां निपटाने के लिए सरकार ने नगर निगम की जमीन बेचने की अनुमति दी थी. उक्त जमीन को मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल को नगर निगम ने 489.89 करोड़ में विक्रय किया. सरकार ने उक्त राशि से हुकुमचंद मिल की देनदारियां चुकाई गई. गृह निर्माण मंडल ने नगर निगम से 23 मार्च 2025 को अपने पक्ष में रजिस्ट्री करवाई. नगर निगम ने हुकुमचंद मिल की जमीन की 218 करोड़ रुपए बताकर की थी.



उक्त मामले में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता और अधिवक्ता प्रमोद कुमार द्विवेदी ने मय दस्तावेज लोकायुक्त पुलिस, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, महानिरीक्षक पंजीयन तथा वरिष्ठ जिला पंजीयक क्षेत्र 3 इंदौर को शिकायत की थी. एड्वोकेट प्रमोद कुमार व्दिवेदी ने शिकायत के साथ हाईकोर्ट का आदेश, संपत्ति ब्यौरा, संपत्ति के फोटो तथा अन्य जानकारी भी दी थी. शिकायत के आधार पर वरिष्ठ जिला पंजीयक समरथमल राठौड़ ने प्रकरण दर्ज कर नोटिस दिया. नगरनिगम एवं गृह निर्माण मंडल ने मामले में जवाब प्रस्तुत किए. शिकायतकर्ता व्दिवेदी के सबूत सही पाए गए.

**जांच में सही निकला मामला**

वरिष्ठ जिला पंजीयक क्षेत्र 3 के राठौड़ ने हुकुमचंद मिल की रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क कम जमा करने का मामला सही पाया है. गृह निर्माण मंडल को 19 करोड़ 5 लाख रुपए से ज्यादा स्टाम्प ड्यूटी जमा करने के आदेश जारी कर दिया है. साथ ही 2% ब्याज एवं पेनल्टी भी लगाई है. 28 फरवरी तक उक्त राशि जमा कारण के आदेश दिए हैं. मप्र के इतिहास में यह सबसे अनोखा मामला है, जिसमें एक विभाग ने दूसरे विभाग को नुकसान पहुंचाया और वसूली का आदेश दिया.

**आयोजन** वीबीजी रामजी सम्मेलन रैगांव विधानसभा में आयोजित

# लोकतंत्र की परंपराओं से खिलवाड़ कर रहा विपक्ष : सिंह

**सतना, 15 फरवरी. विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण वीबीजी राम विधानसभा सम्मेलन रैंगांव को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने संसद की परंपराओं, विपक्ष की भूमिका और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से अपनी बात रखी.**

उन्होंने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत होती है, तब से एक स्थापित परंपरा रही है कि राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों की संयुक्त रूप से संबोधित करते हैं. अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते है. इसके बाद संसद की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाता है, जिसे सत्ता और विपक्ष दोनों मिलकर आदरपूर्वक पारित करते आए हैं. गणेश सिंह ने कहा कि वे स्वयं विपक्ष में भी रहे हैं और सत्ता पक्ष में भी, लेकिन कभी ऐसी स्थिति नहीं आई जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बिना बहस और चर्चा के पारित करना पड़ा हो. उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के व्यवहार के कारण सदन सुचारू रूप से नहीं चल पाया. उन्होंने कहा कि एक अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए जिस तरह से सदन में हंगामा किया गया, वह एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता. सांसद ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पद लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इस पद की गरिमा के अनुरूप आचरण नहीं किया गया.



**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, जिलाध्यक्ष भगवती पाण्डेय, कृष्णा पाण्डेय, सचिन प्रताप सिंह, मुरारी सोनी, यशवन्त पाण्डेय, सुभाष बुनकर, आकांक्षा सिंह, अजय द्विवेदी, विष्णु पाण्डेय, सुखवन्ती कोरी, परशुराम गुप्ता, रामबाबू त्रिपाठी, अतुल सिंह, अरूण सिंह, हीरामणी सिंह, भूपेश पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे.

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**रीवा, 15 फरवरी.** गुढ़ बाई पास में भीषण सडक् हादसा हुआ है. यहां तेज रफ्तार इनोवा कार के चालक ने बाईक को टक्कर मारने के बाद भागने की फिराक में बाईक सवार को कई बार कुचल दिया, इस दौरान बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है. हादसे में मृतक की पहचान ग्राम गौरा निवासी मुन्नू सिंह के रूप में की गई है. घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक मुन्नू सिंह बाल ज्योति स्कूल गुढ़ में अपना बोलोरो वाहन लगाए हुए थे. उक्त वाहन की रिपेयरिंग के लिए वह बाईक से मौके पर पहुंचे थे और रोड क्रॉस कर रहे थे तभी तेज रफ्तार इनोवा कार ने टक्कर मार दी.